11 बहादुरगढ़ की ढेया बस्ती में स्वास्थ्य जांच शिविर...



12 जिले की मंडियों में 83 प्रतिशत सरसों और...



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में प्रवासी युवक लापता

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल का एक युवक बहादुरगढ़ से लापता हो गया है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई गई है। मूलतः इटावा यूपी की निवासी पूर्णिमा ने कहा है कि वह यहां छोटूराम नगर मे रहती है। उसका पति शिव कुमार सेक्टर-17 स्थित एक कंपनी में तीन साल से काम करता है। गत 27 अप्रैल की सुबह भी ड्यूटी पर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी इंतजार करने के बाद कॉल की लेकिन दोनों नंबर बंद थे। इसके बाद तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकाने खंगाल चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता-पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सेक्टर-16 चौकी से जांच अधिकारी मुकेश कुमार का कहना है कि व्यक्ति की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

### किसान के घर से नकदी व मोबाइल चोरी

**झज्जर :** क्षेत्र के गांव भिंडावास में घर में घुस कर एक व्यक्ति द्वारा नकदी व मोबाइल फोन चुराने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में रूपचंद ने बताया कि वह जमींदारे का काम करता है। बीती 28 अप्रैल की रात करीब ग्यारह बजे कोई व्यक्ति दीवार फांद कर उसके घर में घुस गया और उसने अलमारी में रखी करीब 26 हजार रुपये की नकदी व एक मोबाइल फोन चुरा ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गांव कसार में खेत से हैरो चोरी

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेती संबंधित यंत्र चोरी हो रहे हैं। गांव कसार से खेतों से भी हैरो चुरा ली गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। कसार के निवासी मनके राम ने कहा है कि गत 20 अप्रैल को वह अपने खेत में जुताई कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर में कोई खराबी आ गई। इसके बाद हैरो को वहीं छोड़कर चला गया। जब 26

# सरकारी अस्पताल में नहीं हो पा रहे सीबीसी,एलएफटी,केएफटी आदि टेस्ट

## लोगों को पूरा इलाज कराना आसान नहीं, मजबूरीवश बाहर से टेस्ट कराने पड़ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे यहां सरकारी अस्पताल में हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। मरीज लंबी लाइन में लगकर जैसे तैसे चिकित्सकों तक पहुंच कर परामर्श पाते हैं और जब ओपीडी कार्ड पर चिकित्सक द्वारा टेस्ट लिखा जाता है तो कई जांच अस्पताल परिसर में हो ही नहीं पाती। इस वजह से लोगों को मजबूरीवश बाहर से टेस्ट कराने पड़ते हैं।

- मौसम बदलने से नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले लोगों की तादाद बढ़ी




बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल की प्रयोगशाला।

जानकारी के अनुसार, नागरिक अस्पताल की लैब में इन दिनों रिजेंट उपलब्ध नहीं हैं। इस वजह से सीबीसी, एलएफटी, केएफटी व लिपिड प्रोफाइल आदि जांच प्रभावित हैं। बता दें कि इन दिनों मौसम लगातार बदल रहा है। कभी भीषण गर्मी पड़ती है तो कभी बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट हो जाती है। इसका लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। यही वजह है कि नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले लोगों की तादाद बढ़ी है। इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचने वाले कई मरीजों को वहां परेशानी ही झेलनी पड़ती है, क्योंकि पूरा इलाज पाना आसान नहीं है। पहले तो उन्हें लंबी लाइनों में लगकर ओपीडी कार्ड बनवाना पड़ रहा है। फिर डॉक्टर से जांच करवाने के लिए दोबारा लाइनों में लगना पड़ता है। इसके बाद जब ओपीडी कार्ड पर डॉक्टर द्वारा कुछ टेस्ट करवाने के लिए लिखा जाता है तो लैब में उनमें से कई सैंपलों की जांच तो हो ही नहीं पा रही। बायोकेमिस्ट्री जांच भी प्रभावित है।

### रिजेंट न होने के कारण जांच प्रभावित

रिजेंट न होने के कारण यह जांच का कार्य प्रभावित है। दाखिल मरीजों को छोड़कर अन्य मरीजों की तो सीबीसी जांच भी नहीं हो रही है। इसके अलावा पिछले सप्ताह भर से अधिक समय से एलएफटी, केएफटी, लिपिड प्रोफाइल टेस्ट की सुविधा भी इन दिनों मरीजों को नहीं मिल रही। जबकि थाइराइड की जांच तो पहले से ही नहीं हो पा रही। मिली जानकारी अनुसार, एलएफटी, केएफटी की जांच करवाने के लगभग 40 से 50 मरीज रोजाना आ रहे हैं और सीबीसी जांच के लिए तो यहां 70 से 80 मरीज रोजाना आ रहे हैं। इन लोगों को मजबूरीवश बाहर से जांच करानी पड़ रही है। वहीं लोगों का कहना है कि सरकार और विभाग को सरकारी अस्पतालों पर ध्यान देना चाहिए। दूसरी तरफ लैब अधिकारी रिजेंट की डिमांड को लेकर पहले भी विभाग को पत्र लिख चुके हैं। रिजेंट कब उपलब्ध हो पाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

# ट्राले व गाड़ी की टक्कर में एरिया ऑफिसर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। पोस्टमार्टम के दौरान शवगृह के बाहर मौजूद परिजन।

क्षेत्र के गांव तलाव के नजदीक हुई ट्राले व गाड़ी की टक्कर में गाड़ी चालक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चरखी दादरी जिले के ईमलोटा गांव निवासी करीब 35 वर्षीय प्रदीप पुत्र सतबीर के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई संदीप ने बताया कि उसका छोटा भाई प्रदीप कुमार गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में एरिया ऑफिसर के पद पर तैनात है। सोमवार की रात्रि प्रदीप अपनी ड्यूटी समाप्त कर उसके पास पुलिस लाइन मिलने पहुंचा। संदीप के अनुसार इसके उपरांत वह अपने पिता के साथ अपनी गाड़ी में तथा उसका भाई प्रदीप उनके आगे अपनी गाड़ी में ईमलोटा जा रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ते जब वह रात करीब साढ़े दस बजे तलाव गांव के बस स्टैंड के नजदीक पहुंचे तो विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ट्राले ने उसके भाई प्रदीप की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राला प्रदीप की गाड़ी को दूर तक घसीटता लेकर गया। इसके बाद ट्राला चालक ट्राला छोड़ कर मौके से फरार हो गया। उन्होंने गाड़ी में फंसे अपने भाई को राहगीरों की मदद से बाहर निकाला तथा उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- ड्यूटी समाप्त करके अपने गांव ईमलोटा जा रहा था प्रदीप, तलाव गांव के नजदीक हुआ हादसा

# पार्क में घूमने आए भट्टी गेट निवासी दो युवकों पर हमला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर में असामाजिक तत्वों की दंबगई बढ़ती जा रही है। सोमवार की रात्रि शहर के टाऊन पार्क में घूमने आए भट्टी निवासी दो युवकों पर असामाजिक तत्वों द्वारा डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इसके बाद हमलावर मोटरसाइकिल पर बैठकर मौके से फरार हो गए। बाद में राहगीरों द्वारा जहां दोनों युवकों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया वहीं पुलिस को भी डायल 112 पर सूचना दी गई। इस हमले में एक युवक की हालत इतनी गंभीर रही कि उसे चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर किया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर राहगीरों से घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पार्क में टहलने के लिए आए भट्टी गेट क्षेत्र के दो युवक जब पार्क से बाहर निकल रहे थे तो मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने उन पर लाठी व डंडों से हमला बोल दिया। इस दौरान एक युवक के मुंह से खून बहने लगा। जब उसका दूसरा साथी उसे अस्पताल ले जाने लगा तो उसकी बाइक का तेल खत्म होने की वजह से स्टार्ट नहीं हो पाई। अभी दूसरे साथी द्वारा घायल युवक को अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी कि थोड़ी देर के अंतराल पर वही युवक फिर से पहुंचे तथा उन्होंने दूसरे युवक के साथ भी मारपीट शुरू कर दी और उसकी बाइक को भी नुकसान पहुंचाया। परिजनों को सूचना मिलने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां से एक युवक को गंभीर हालत के चलते पीजीआई रैफर किया गया है।

- वारदात को अंजाम देकर हमलावर मोटरसाइकिल पर बैठकर मौके से फरार हो गए




झज्जर। सूचना मिलने के बाद टाउन पार्क पहुंची डायल 112 की गाड़ी।

# स्टेट पावरलिफ्टिंग में दीपेश ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

खिलाड़ी दीपेश मोर ने हरियाणा सीनियर स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ी का बहादुरगढ़ की ओमेक्स सिटी में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी एवं कोच नीरज शर्मा ने बताया कि हाल ही में सोनीपत में हरियाणा सीनियर स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ी दीपेश मोर ने 120 प्लस किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। दीपेश मोर इससे पहले भी स्टेट और नेशनल स्तर की कई प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुका है। दीपेश मोर ने अपनी इस जीत का श्रेय अपनी माता श्वेता, पिता प्रदीप मोर और कोच नीरज शर्मा को दिया है। दीपेश मोर के पिता हरियाणा पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर तैनात हैं। वे फिलहाल फरीदाबाद में सिकरोना चौकी इंचार्ज के पद पर तैनात हैं। कोच नीरज शर्मा ने बताया कि दीपेश इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा। इसके साथ ही उसका चयन साउथ अफ्रीका में आयोजित एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है। नीरज शर्मा ने उम्मीद जताई है कि दीपेश इन सभी प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर हरियाणा का नाम जरूर रोशन करेगा। उसने इन प्रतियोगिताओं की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। इस अवसर पर आरएस फिटनेस जिम संचालक राजन सिंह, खेल प्रेमी मधुकांत, मुकुल, मनहर जोशी, जैस्मीन कौर, दीपा कोहली, अशनित, हन्नी ने भी दीपेश की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

- जिता खिलाड़ी का बहादुरगढ़ की ओमेक्स सिटी में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया



बहादुरगढ़। विजेता खिलाड़ी दीपेश, कोच नीरज व अन्य के साथ।

## पावर लिफ्टिंग में आशीष ने जीता गोल्ड

बहादुरगढ़। बीते दिनों सोनीपत में हुई हरियाणा स्टेट पावर लिफ्टिंग में नूना माजरा का आशीष छाया रहा। आशीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने भारवर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उसकी जीत पर परिजनों, साथी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। दरअसल, 26 से 28 अप्रैल तक सोनीपत में हरियाणा स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता क आयोजन हुआ। इसमें काफी खिलाड़ियों ने भाग लिया। बहादुरगढ़ के गांव नूना माजरा के निवासी आशीष ने भी जोर आजमाइश की। आशीष ने सब जूनियर के 83 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। आयोजकों की ओर से उसको सम्मानित किया गया। आशीष इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुका है। अपनी जीत का श्रेय उसने कोच, परिजनों को दिया है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में पांच माह की मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बाघपुर में एक पांच माह की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान भूमि पुत्री योगेश के तौर पर हुई है। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद मृतका के पिता योगेश ने बताया कि उसकी पत्नी ने भूमि को दूध पिला कर सुलाया था। उसके बाद जब वह कई देर तक नहीं उठी तो उन्होंने उसे संभाला। इसके बाद बेसुध हुई भूमि को वे उपचार के लिए बेरी के अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। मामले के जांच अधिकारी रणबीर सिंह ने बताया कि परिजनों के ब्यान के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

- पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्यवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

## करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत


**झज्जर।** क्षेत्र के गांव तलाव में एक मकान की छत पर चिनाई का कार्य करते समय बिजली करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले करीब 28 वर्षीय चंद्रसेन पुत्र काशीराम के तौर पर हुई है। चंद्रसेन फिलहाल शहर के छावनी मौहल्ले में किराए पर रहा था। जब वह तलाव गांव में कृष्ण के मकान पर चिनाई का कार्य कर रहा था तो उसका औजार छत से गुजर हाई वोल्टेज तारों से छू गया जिस कारण करंट का झटका लगने पर वह छत से नीचे आ गिरा। बाद में उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि इस संबंध में परिजनों के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है।

# ढाकला अनाजमंडी में श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव ढाकला स्थित अनाजमंडी में श्रमिक के तौर पर काम करने वाले एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से बिहार के मधुबनी नाराहिया क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी करीब 57 वर्षीय श्याम नारायण यादव पुत्र राम बाबू यादव के तौर पर हुई है। अस्पताल परिसर में मौजूद उसके साथी श्रमिकों ने बताया कि वह पिछले तीन-चार दिनों से शराब का अधिक सेवन कर रहा था। सोमवार की रात भी वह शराब पीकर सोया था। मामले के जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

- परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्यवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

# रास्ता रोककर बाइक सवार को बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार में एक बाइक सवार पर रास्ता रोककर हमला कर दिया गया। तीन युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया। लात-घूसों और शीशे के गिलास से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। इतना ही नहीं, उसे दांतों से भी काट लिया। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला छोटूराम नगर का है। पुलिस को दी शिकायत में छोटूराम नगर के निवासी गौतम का कहना है कि गत 28 अप्रैल की रात करीब पौने दस बजे दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था। छोटूराम नगर फाटक से आगे बढ़ा ही था कि बाइक के सामने आकर तीन युवकों ने रास्ता रोक लिया। मुझ से गाली गलोच करने लगे। गालियों का विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। पास खड़ी एक जूस की रेहड़ी से शीशे का गिलास उठाकर मुझ पर कई वार किए। इतना ही नहीं, एक युवक ने पेट पर दांतों से काट लिया। आसपास लोग इकट्ठे हुए और उन्होंने बीच बचाव किया। इसके बाद धमकी देकर भाग गए। हमलावरों को वह नहीं जानता। लोगों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, लाइनपार थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

मांग

## दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

# प्रस्तावित सुपरफास्ट गाड़ी का बहादुरगढ़ में ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हावड़ा से श्री गंगा नगर के बीच शीघ्र ही नई सुपर फास्ट गाड़ी चलने वाली है लेकिन इस गाड़ी का बहादुरगढ़ स्टेशन पर ठहराव नहीं किया गया है। जिससे रेल यात्रियों ने निराशा जताई है। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इस प्रस्तावित गाड़ी का बहादुरगढ़ स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग उठाई है।

दरअसल, पहले हावड़ा से श्रीगंगा नगर के बीच तूफान आभा एक्सप्रेस गाड़ी चलती थी। इस गाड़ी का बहादुरगढ़ स्टेशन पर स्टॉपेज था। इसलिए यहां रहने वाले काफी प्रवासी श्रमिकों को लाभ मिल रहा था। लेकिन कोरोनाकाल में यह गाड़ी बंद हो गई। अब इसकी जगह नई सुपरफास्ट गाड़ी चलाई जा रही है। यह गाड़ी बहादुरगढ़ से राजस्थान, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ेगी लेकिन फिलहाल इसके ठहराव की यहां कोई योजना नहीं है। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाडा ने कहा कि रेल मंत्रालय शीघ्र ही पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, हरियाणा, पंजाब व उत्तरी राजस्थान को जोड़ने के लिए एक नई गाड़ी का संचालन करने जा रहा है। यह गाड़ी हावड़ा से 9 बजकर 35 मिनट पर प्रस्थान कर दूसरे दिन आठ बजकर 40 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचेगी। नई दिल्ली, रोहतक से दस बजकर 18 मिनट पर प्रस्थान करके बठिंडा, अबोहर होते हुए दोपहर तीन बजकर 42 मिनट पर श्री गंगा नगर पहुंचेगी। वापासी में गंगा नगर से 12:30 पर प्रस्थान कर अगले दिन शाम साढ़े सात बजे हावड़ा जंक्शन पहुंचेगी। इस प्रस्तावित नई गाड़ी के संचालन से पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड का सीधा संपर्क हरियाणा, पंजाब व उतरी राजस्थान से हो जाएगा। यह गाड़ी नई दिल्ली से चलकर सीधी रोहतक जंक्शन पर रुकेगी।




बहादुरगढ़। रेलवे स्टेशन बहादुरगढ़।

### ठहराव बहादुरगढ़ न दिए जाने से रेल यात्री निराश

इस गाड़ी का भी ठहराव बहादुरगढ़ न दिए जाने से रेल यात्री निराश हैं, क्योंकि बहादुरगढ़ एक बढ़ता व्यवसायिक क्षेत्र है और यहां हजारों की संख्या में राजस्थान, बिहार, झारखंड व पश्चिम बंगाल से श्रमिक अपनी जीविका के लिए आते-जाते हैं। यह गाड़ी इन श्रमिकों के जीवन रेखा साबित होगी। उनके समय और धन की भी बचत होगी। साथ ही दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भीड़भाड़ कम होगी। रेल विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी के लिए नई गाड़ी के संचालन के साथ ही इस गाड़ी का दो मिनट का ठहराव बहादुरगढ़ स्टेशन पर दिया जाना चाहिए। सतपाल ने कहा कि लंबी दूरी की लगभग सात जोड़े गाड़ियां आज भी बहादुरगढ़ स्टेशन से धूल उड़ाती गुजर जाती हैं लेकिन इनके ठहराव पर जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते। दैनिक रेल यात्रियों को इनके ठहराव के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

# हांगकांग में सम्मानित हुए उद्यमी रवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उद्योगपति रवि चमरिया ने हांगकांग में आयोजित ग्लोबल सोर्सिंग इवेंट में भारत की ओर से भाग लिया। इस इवेंट के दौरान रवि चमरिया को हांगकांग में भारतीय कॉन्सुलेट जनरल (कॉमर्स) रेंजीना मैरी वघेर्से ने भारत में बनी जुराबों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया।

रवि चमरिया की फैक्ट्री बहादुरगढ़ के ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है और ये जुराबों का उत्पादन करते हैं। ये अपना ज्यादातर उत्पादन निर्यात करते हैं। कंफेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग का कहना है कि यह हमारे झज्जर जिले के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे जिले में ऐसे उद्योग हैं, जो हमारे देश का अंतरराष्ट्रीय मंच पर परचम लहरा रहे हैं। जैसे भारत में विदेश समान का आयात होता है, इसी तरह से आज भारत भी निर्यात करने में किसी भी अन्य देश से पीछे नहीं है। हमारे देश में तकरीबन हर प्रकार की चीजों का उत्पादन होता है, जिसकी वजह से हमारा देश आज इतनी प्रगति कर रहा है। इसमें हमारे उद्योगों का एक बहुत बड़ा हाथ है। प्रवीण गर्ग ने समस्त कार्यकारिणी सदस्यों व झज्जर जिले के सभी उद्योगों की ओर से रवि चमरिया (न्यू होराइजन निट्स प्राइवेट लिमिटेड) को बधाई दी। साथ ही हरियाणा सरकार से निवेदन किया कि हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए ताकि इसी तरह वो हमारे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ऊंचा कर सकें।



**बहादुरगढ़।** हांगकांग में आयोजित इवेंट में भारत के रवि चमरिया व अन्य। **फोटो : हरिभूमि**



# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची।

## लाइफ Style

# हिना

## जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।

हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# 'एवेंजर्स' की शूटिंग अगले साल

**मुंबई।** अगर आप हॉलीवुड फिल्मों के शौकीन हैं तो आपने एवेंजर्स फिल्म सीरीज जरूर देखी होगी. इस फिल्म को फैंस खूब पसंद करते हैं। साल 2019 में इस सीरीज की पिछली फिल्म आई थी। इसके बाद से ही सभी को इस सीरीज की अगली फिल्म का इंतजार है। अब इसे लेकर धीरे-धीरे डिटेल्स आने लग गई हैं। एवेंजर्स एंडगेम के बाद कहानी के प्लॉट में काफी बदलाव किया जा रहा है।रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सुपरहीरोज की टीम ज्यादा बड़ी नहीं होगी और लिमिटेड स्टार्स ही अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होंगे।




# बीबर ने कोचेला में परफॉर्मेंस के बाद शेयर की रोते हुए फोटो...

**मुंबई।** जस्टिन बीबर की इंडिया में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने हाल ही में कोचेला में परफॉर्म किया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी रोती हुई फोटोज भी पोस्ट कीं, जिन्हें देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। हर कोई पूछ रहा है कि आखिर जस्टिन को हुआ क्या है? उन्होंने कोचेला की भीड़ को तब हैरान दिया, जब वो एक गाने के लिए टेम्स के साथ स्टेज पर पहुंचे। उनकी परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया। इसके बाद जस्टिन ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं, लेकिन दो तस्वीरों में उनकी आंखों में आंसू देखकर फैंस हैरान रह गए। 30 साल के जस्टिन बीबर की जिंदगी रोलर-कोस्टर की तरह रही है। उन्होंने कई अप्स एंड डाउन देखे। उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई, जिसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया था।



# कल्कि 2898... की तुलना हॉलीवुड मूवी से

**मुंबई।** साउथ के फेमस स्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी 'कल्कि 2898 एडी' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे खिसकाकर 27 जून कर दिया गया है। इस बीच कुछ यूजर्स ने दावा किया कि ये फिल्म हॉलीवुड मूवी 'ड्यून' से मिलती-जुलती लग रही है। अब इस पर डायरेक्टर नाग अश्विन ने जवाब दिया है। हैदराबाद में वीएफएक्स समिट में नाग अश्विन से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म 'ड्यून' जैसी क्यों दिखती है और क्या उन दोनों में कोई समानता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, यह रेत के कारण है। उन्होंने देखा कि फिल्म में रेत है, नहीं? बेसिकली, जब भी रेत होगी, यह ड्यून की तरह दिखेगी।'अमेरिकन साइंस फिक्शन मूवी 'ड्यून' का पहला पार्ट साल 2021 में आया था।




# राजकुमार हुए भेदभाव के शिकार...

**मुंबई।** राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपनी मेहनत से पहचान बनाई है, लेकिन उनकी ये राह आसान नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें भेदभाव सहना पड़ा, कई बार फिल्मों से बिना वजह रिप्लेस किए गए। अपने अब तक के पूरे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री के कई रंग देखे हैं। राजकुमार जल्दी ही दिव्यांग बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आने वाले हैं। जैसे फिल्म की टैगलाइन में कहा गया है कि 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने' वैसे ही राजकुमार ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उनकी आंखें खुलती गई हैं। एक्टर बोले- शुरुआत में मुझे कई फिल्म्स में से रिप्लेस किया गया था, क्योंकि कुछ बड़े एक्टर्स उन फिल्मों को करना चाहते थे। मुझे लगा था वाह सच में यहां ऐसा होता है।

## टीवी मसाला

# पर्दे पर वापसी को तैयार हैं 'चकोर'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मीरा देओस्थले को 'चकोर'से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल से खूब लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने साल 2014 में सीरियल 'ससुराल सिमर का' डेब्यू किया था। इस सीरियल में वह सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं। उसके बाद वह 'जिंदगी विन्स और 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स जैसे सीरियल्स का हिस्सा रही थीं। इन दिनों मीरा टीवी शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी हैं, में नंदिनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरियल में काम करने और मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। वह कहती हैं कि शादी एक खूबसूरत बंधन के साथ -साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मीरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।



# टेंशन फ्री रहने के लिए डांस का सहारा लेती हैं 'अंगूरी भाभी'...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कलाकार होने के साथ-साथ डांस टीचर भी हैं। उन्होंने कहा कि डांस उन्हें तनाव और नकारात्मकता दूर करने में मदद करता है। 'इंटरनेशनल डांस डे'पर डांस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते उन्होंने कहा, 'एक एक्ट्रेस होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और ट्रेनर भी हूं। डांस मेरी पहचान का अहम हिस्सा है। यह एक आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण नृत्य शैली है जो हर गतिविधि को गहरे अर्थ से भर देती है। कथक प्रदर्शन के दौरान तबला और सितार जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बजाया जाने वाला पारंपरिक संगीत एक अलौकिक माहौल बनाता है जो मेरे भीतर गहराई तक गूंजता है।'



# सपना चौधरी ने ऐसा जमाया रंग कि देखते रह गए फैन्स

**नई दिल्ली ।** सपना चौधरी को कौन नहीं जानता ? तेरी आंख्या का यो काजल पर डांस कर उन्होंने ऐसी पॉपुलैरिटी हासिल की है कि सब यही सोचते हैं कि ये गाना उनका है। जबकि ये गाना डीसी मदाना का है। लेकिन इसे पॉपुलैरिटी दिलाई सपना चौधरी ने। सपना ने अपने प्रोग्राम्स और इवेंट्स में इस गाने पर इतनी बार परफॉर्म किया कि ये गाना उन्हीं का पेटेंट लगता है। डांस के मामले में सपना ने अपना मुकाम बनाने में काफी मेहनत लगती है। कभी सिर्फ लोकल प्रोग्राम करने वालीं सपना आज म्यूजिक वीडियोज करती हैं, बॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुकी हैं और यहां तक कि छोटे पर्दे के सबसे कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुकी हैं।


***फिर दिखा पुराना अंदाज :*** सपना के सोशल मीडिया अकाउंट में एक वीडियो में उनका पुराना अंदाज दिखा। पुराना लुक इसलिए, क्योंकि अब सपना का स्टाइल बदल चुका है। उन्होंने अपने ही गाने 'गोरी वी हलवे हलवे चाल' पर एक वीडियो शेयर किया।



**इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'**

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

**नई दिल्ली।** कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।



### शानदार थी फिल्म की कहानी

कयामत से कयामत तक फिल्म का पहले नाम 'नफरत के वारिस' रखा गया था। लेकिन फिर इस नाम को बदलकर कयामत से कयामत तक कर दिया गया था। मंसूर खान की इस फिल्म की कहानी न सिर्फ शानदार थी, बल्कि इसके टाइमलेस गाने ने भी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। आनंद-मिलिंद द्वारा कंपोज्ड और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए, यह साउंडट्रैक अपनी इमोशनल गहराई की वजह से दर्शकों के बीच तुरंत हिट हो गए। पापा कहते हैं, अकेले हैं तो क्या गम है और ऐ मेरे हमसफर जैसे सॉन्ग्स आज भी खूब पॉपुलर हैं।

## बोरिया बिस्तर समेटने की ला दी थी नौबत

# हिंदी सिनेमा की वो फिल्में जिन्होंने कर दिया डायरेक्टर्स का बंटाधार

*शोबिज में फिल्में हिट होने और फ्लॉप होने का खेल पूरे साल चलता है। यहां तक कि दर्शक भी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार फिल्मों को टोटलते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का ये बिजनेस तो लोगों को खूब समझ आता है, लेकिन एक फ्लॉप फिल्म कितनों को बर्बाद करती है इस पर ज्यादा बात नहीं होती। इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी हैं जिन्होंने इसे बनाने वाले का बंटाधार कर दिया।*

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री देश के बड़े बिजनेस हब में शामिल है। फिल्म बनाने से लेकर उसे बेचने तक, रिलीज से पहले कई पड़ाव आते हैं, जिसमें खूब पैसा भी लगता है। जब कोई फिल्म हिट हो जाती है, तो लागत और प्रॉफिट के साथ पैसा लगाने वालों की चांदी हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई, तो प्रोड्यूसर्स का भट्ठा बैठ जाता है। जितनी महंगी फिल्म उतना ज्यादा नुकसान। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिन्होंने डायरेक्टर्स का बंटाधार कर दिया। फ्लॉप फिल्म के साथ सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म पिटने के लिए डायरेक्टर्स भी बराबर के जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। कई बार तो फिल्ममेकर्स का करियर खत्म होने तक की नौबत आ जाती है।

### जानी दुश्मन

साल 2002 में आई जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी मल्टीस्टारर फिल्म थी। सनी देओल से लेकर अक्षय कुमार तक फिल्म में कई बड़े सितारे थे। जानी दुश्मन में लगभग 22 एक्टर्स शामिल थे। फिल्म का डायरेक्शन राज कोहली ने किया था, जो बॉलीवुड के जाने- माने फिल्ममेकर रहे थे। इस फिल्म को हिट बनाने के लिए कई पैंतरे आजमाए गए, लेकिन जब जानी दुश्मन रिलीज हुई, तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। जानी दुश्मन के बाद राज कोहली ने फिर कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की।




### कलंक

आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर समेत कलंक में 6 बड़े स्टार्स शामिल थे। साल 2019 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने खूब पैसा लगाया था। कलंक के महंगे सेट की चर्चा भी हुई थी। करण जौहर ने फिल्म का प्रोडक्शन किया था और अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया था। कलंक को लेकर कई दावे किए गए थे, लेकिन जब रिलीज हुई थी फ्लॉप साबित हुई। करण जौहर ने फिल्म को एक धक्के की तरह बताया था। वहीं, अभिषेक वर्मन के करियर को भी कलंक ने नुकसान पहुंचाया, क्योंकि इसके बाद उन्होंने अभी तक कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की है। ये फिल्म वरुण धवन के करियर की पहली फ्लॉप फिल्म बनी। वहीं, आलिया भट्ट के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्म है। कलंक से पहले अभिषेक वर्मन ने 2 स्टेट्स डायरेक्ट की थी।



### रा-वन

शाह रुख खान और करीना कपूर स्टारर रा-वन एक बड़ी फिल्म थी। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का हाल भी बॉक्स ऑफिस पर बेहाल साबित हुआ। रा-वन का डायरेक्शन अनुभव सिन्हा ने किया था, जो बॉलीवुड में हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन रा-वन ने उनकी भी कमर तोड़ दी। एक इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने कहा था कि अगर 'मैं कमजोर इंसान होता, तो 2011 में रा-वन की असफलता के बाद खुद की जान ले लेता।'



### आतंक ही आतंक

आमिर खान फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाते हैं। फिल्म को लेकर उनकी नजर पारखी है। हालांकि, उनके खाते में भी कई फ्लॉप फिल्में हैं। 1995 में आई आतंक ही आतंक एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जो मारियो पूजो की द गॉडफादर से प्रेरित थी। फिल्म में आमिर खान के साथ- साथ रजनीकांत और जूही चावला भी थे। ये वो दौर था, जब तीनों सुपरस्टार बन चुके थे। फिल्म को लेकर खूब हाइप बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद का नजारा हैरान करने वाला था।



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट में तीन नामजद

**बावल।** दुल्हेड़ा कलां बस स्टैंड पर युवक के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में आशीष ने बताया कि वह अपने गांव के बस स्टैंड पर खड़ा था। गांव के विपुल, मुकुल व धर्मसिंह ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के दुकानदारों ने आकर उसे बचाया। पुलिस ने बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**रेवाड़ी।** सरस्वती विहार में चोर एक दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रामपुरा निवासी नितिन ने बताया कि उसने सरस्वती विहार में नाले पर फ्रीज रिपेयरिंग की दुकान की हुई है। उसने अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वह दुकान में अपने कार्य में व्यस्त हो गया। मौका पाकर चोर बाइक चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने पर भी बाइक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### प्राणपुरा में खूनी संघर्ष में छह पर केस

**बावल।** तीन दिन पूर्व जमीनी विवाद को लेकर प्राणपुरा में हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में नवल ने अपने तारू व उसके परिवार के पांच अन्य सदस्यों पर पहले हमला करने का आरोप लगाया है। दोनों गुटों के कई लोग घायल हो गए थे। इनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज लिया है। पुलिस अभी दूसरे पक्ष के घायलों के बयान का इंतजार कर रही है।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जाने मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने कहाड़ी के पास एक होटल पर मारपीट करने के एक और आरोपी बेरली कलां निवासी रोहित को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने 7 फरवरी को दर्ज मामले में खालेटा निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है।

### सोलर सिस्टम की केबल ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** बुड़ाना में चोर एक किसान के खेत से सोलर सिस्टम की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बुड़ाना निवासी गोकरण ने बताया कि वह एक किसान है। खेती करने के लिए उसने खेत में सोलर आधारित पंप सेट लगाया हुआ है। रात के समय चोर उसके सोलर सिस्टम की केबल चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी केबल का पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी होने का केस दर्ज किया है। जीआरपी को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के खेड़ा निवासी जयसिंह ने बताया कि वह अपने बेटे को ट्रेन में बैठाने के लिए बाइक पर आया था। बाइक स्टेशन पर एक पेड़ के नीचे खड़ी करने के बाद वह प्लेटफार्म पर चला गया। बेटे को ट्रेन में बैठाकर बाहर आया तो बाइक गायब मिली।

---

अभिभावकों को एफएलएन के महत्व के बारे में जागरूक किए जाने का आह्वान किया

# निपुण कार्यक्रम की सफलता अभिभावकों के विश्वास पर निर्भर

■ कार्यक्रम में कक्षा की पाठ्यचर्या की रूपरेखा से अवगत कराया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

प्राथमिक शिक्षकों के लिए मातनहेल खंड में निपुण हरियाणा के अंतर्गत चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का शुभारंभ किया गया। जिला एफएलएन समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जहां शिक्षकों को चौथी व पांचवीं कक्षा की पाठ्यचर्या की रूपरेखा से अवगत कराया जाएगा वहीं हिन्दी, अंग्रेजी तथा गणित की शिक्षक संदर्शिका, कार्य पुस्तिका, पूरे वर्ष में होने वाले आंकलन, शिक्षण-अधिगम सामग्री आदि पर भी इन चार दिनों में विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने शिक्षकों को कई गतिविधियों का उदाहरण देते हुए बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अभिभावकों को एफएलएन के महत्व बारे जागरूक किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निपुण कार्यक्रम की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम कितने अभिभावकों का विश्वास जीतने में सफल हुए हैं। मातनहेल खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय बाला ने सभी शिक्षकों को संजीदगी से प्रशिक्षण लेकर विद्यालयों में इसके सभी आयामों को क्रियान्वित करने की बात पर बल दिया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर की भूमिका में बीआरपी वेद प्रकाश, एबीआरसी मोनिका शर्मा, सरिता, प्रशिक्षण के खंड समन्वयक बीआरपी दिनेश व तकनीकी समन्वयक नीरज सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के शुभारंभ पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए एफएलएन जिला समन्वयक सुदर्शन पूनिया। फोटो :हरिभूमि

# एनएचएम कर्मचारी राधेश्याम सेवानिवृत्त



झज्जर। सेवानिवृत्ति पर उपहार भेंट करते हुए विभागीय अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

स्वास्थ्य एवं आयुर्वेदिक विभाग में अटेंडेंट के पद पर कार्यरत एनएचएम कर्मचारी राधेश्याम जांगड़ा की सेवानिवृत्ति पर विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत रोहिला ने अटेंडेंट राधेश्याम को सम्मानित करते हुए कहा कि व्यक्ति सदैव अपने गुणवत्ता से जाना जाता है। कर्मचारियों को सदैव ईमानदारी व मेहनत से कार्य करना चाहिए तथा मिलनसार रहना चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर नरेश शर्मा, आचार्य बलदेव, डॉक्टर राजपाल, डॉक्टर सुरेंद्र राठी, डॉक्टर पवन देशवाल, डॉक्टर निकुंज शर्मा, डॉक्टर बरखा, डॉक्टर प्रदीप, डॉक्टर महेश सैनी, डॉक्टर सुधीर, डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर मनोज, अरुण वर्मा, डीआईईसी मैनेजर अंजू सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## कपिल प्रदेश सचिव तो नीरज बने कोषाध्यक्ष



बहादुरगढ़। नए पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट करते राष्ट्रीय पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 में तेजस हिंदू वाहिनी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में संस्था के संस्थापक असित सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास कुमार, राष्ट्रीय सचिव संदीप कुमार, वाहिनी के हरियाण प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह वगड़िया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में कपिल मल्होत्रा को हरियाणा प्रदेश सचिव तथा नीरज शर्मा को हरियाणा राज्य के कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा सौंपी गई है उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

# प्रतिभा मंथन के माध्यम से विद्यार्थियों को मिल रही करियर संबंधी जानकारी

■ प्रशिक्षण के बाद सभी शिक्षकों को प्रतिभा मंथन किट वितरित की गई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

जिले में चल रहे प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को साल्हावास व मातनहेल खंड के शिक्षकों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मातनहेल में प्रतिभा मंथन शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजयबाला ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर संबंधी जानकारी मिल रही है।

वे अपनी रूचि व कौशल के आधार पर करियर का चुनाव कर रहे हैं। इसके अलावा जहां प्रतिभा मंथन कार्यक्रम की बीते वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट पर चर्चा की गई वहीं आगामी वार्षिक योजना को भी सांझा किया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी शिक्षकों को प्रतिभा मंथन किट वितरित की गई। इस मौके पर प्रतिभा मंथन टीम सदस्य मुजतबा, जवाद, नंदनी व जिशान सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। प्रतिभा मंथन कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# नगर निगम: विज्ञापन विभाग में चल रहा इंस्पेक्टर राज, राजस्व की हो रही चोरी

**दया राम ▶▶। नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग में इन दिनों भी जमकर इंस्पेक्टर राज चल रहा है और निगम को आने वाले राजस्व की लगातार चोरी हो रही है। हरिभूमि ने पहले भी ऐसे कई मामले उजागर किए हैं, जिन पर कार्रवाई हुई है और निगम को उसके बाद राजस्व मिला है। विज्ञापन चोरी के संबंध में विभाग प्रमुख को जब मंगलवार को जानकारी दी तो विभाग प्रमुख ने कुछ ही घंटों में कार्रवाई को अंजाम दिया। विभाग प्रमुख ने बताया कि अवैध विज्ञापन पर कार्रवाई की गई है। वहीं, घोटाला होने की बात से उन्होंने इंकार किया और कहा कि घोटाला तब होता है जब किसी गड़बड़ी के संज्ञान में आने के बावजूद उस पर कोई कार्रवाई ना की जाए और उसे चलते रहने दिया जाये। विज्ञापन विभाग तत्परता से अवैध विज्ञापन के खिलाफ कार्रवाई करता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि कई जोनों में ऐसी चोरी हो रही है। यह मामला केशवपुरम जोन का है जहां पर विज्ञापन विभाग ने विज्ञापन कंपनी को क्लस्टर योजना के तहत आठ स्थलों पर स्थित यूनिपोल पर एक तरफ विज्ञापन लगाने की अनुमति दी है लेकिन यह कंपनी यूनिपोल पर दोनो तरफ विज्ञापन लगा रही थी जो कि नियमों का उल्लंघन है। इस कलस्टर की मासिक लाइसेंस फीस करीब 11 लाख 28 हजार रुपए तय की गई है। वहीं, निगम सूत्रों ने बताया कि एमसीडी के लिए राजस्व अर्जित करने में आर पी सेल विभाग काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं और इसके तहत पार्किंग और विज्ञापन दोनों महत्वपूर्ण विभाग हैं। विज्ञापन विभाग प्रमुख पर अन्य कई विभागों का भी दायित्व है। जिसके चलते इंस्पेक्टर इसका फायदा उठा रहे हैं और जमकर अपना राज चला रहे हैं।



### हौजखास: यात्री के सवा लाख लेकर फरार होने वाला कैब ड्राइवर धरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले की हौज खास पुलिस ने एक कैब ड्राइवर को अरेस्ट किया है। इस पर यात्री के सवा लाख रुपये लेकर फरार होने का आरोप था। आरोपी का नाम सुजीत मिश्रा बताया गया है। वह प्रयागराज, यूपी का रहने वाला है। इसके पास से पांच हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले शख्स ने मामले की शिकायत दर्ज करायी थी। उसने बताया कि पांच अप्रैल को घर जाने के लिये एक कैब बुक की थी। लेकिन कैब ड्राइवर उसकी यात्रा साउथ एक्सटेंशन पार्ट 2 पर खत्म कर उनका हैंड बैग लेकर फरार हो गया। बैग में सवा लाख रुपये थे। उससे कई बार संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। पीड़ित की शिकायत पर नौ अप्रैल को हौजखास थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस को कैब ड्राइवर का मोबाइल बंद मिला। बाद में लोकल और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से कापसहेड़ा और द्वारका में रेड कर उसे पकड़ा गया। आरोपी ने कैब को द्वारका कार हब में पार्क कर दिया था। इसके पास से पांच हजार रुपए, चश्मे का बॉक्स और एडवांस वाउचर बरामद किया गया है। अब ड्राइवर से पूछताछ कर बाकी रकम की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

## हत्या केस में पैरोल जंप करने वाला क्राइम ब्रांच ने किया काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली**

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान हत्या केस में पैरोल लेकर फरार हुये अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर पुलिस को चकमा दे रहा था। नवजीत खत्री उर्फ टिनी (26) नरेला का रहने वाला है। 3 जनवरी 2018 को इसके खिलाफ द्वारका साउथ थाने में हत्या का केस दजर्ज हुआ था।पुलिस के अनुसार अभियुक्त को घुटने में टीबी होने के कारण कोरोना महामारी के दौरान 22 मई 2021 को 90 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। लेकिन इसने आत्मसमर्पण नहीं किया और पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ कोर्ट द्वारा एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया गया है और उसके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्यवाही शुरू की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि 2 जनवरी 2018 को टिनी ने अपने दोस्तों विजय, राजू, राशि, ध्रुव और भवानी के साथ मिलकर एमटीएनएल कार्यालय, सेक्टर 1, द्वारका के सामने एक व्यक्ति और उसके दोस्त सबेह अहमद उर्फ सौरभ को बेरहमी से पीटा था। इसके बाद उन्होंने युवकों पर चाकुओं से हमला किया था। एक को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया था। आरोपी खत्री ने खुलासा किया कि विजय अवैध शराब बेचता था, जिसके चलते मृतक उससे पैसे वसूलता था। इसलिए उससे हिसाब बराबर करने के लिए उन्होंने सुनियोजित साजिश के तहत उसकी हत्या की थी। सभी आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### शीतल मान बनी कांग्रेस की प्रदेश महासचिव

**बहादुरगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस दामन थामने वाली बहादुरगढ़ की शीतल मान को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। शीतल को हरियाणा महिला कांग्रेस मे प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इस पर शीतल ने सिरसा में कुमारी सैलजा से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही महिला प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज का भी धन्यवाद किया। जनहित के मुद्दों को लेकर आगे की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। शीतल मान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें जो जिम्मेदारी दी हैं, वे उसको पूरी निष्ठा से निभाएंगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर आंगनवाड़ी, आशा और मिड डे मील कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनकी मदद के लिए हर पंचायत में एक पैरालीगल की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ जिला मुख्यालयों पर कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास का निर्माण करेगी। बता दें कि शीतल मान 2004 से 2008 तक युवा कांग्रेस व 2018 से 2021 तक प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव रह चुकी हैं।



शीतल मान।

# ग्रामीणों को मलेरिया के प्रति किया जागरूक



झज्जर। गांव सिलानी में लारवा चैक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

मंगलवार को बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों ने क्षेत्र के गांव सिलानी में मलेरिया के प्रति जागरूकता को लेकर अभियान चलाया। टीम सदस्य आनंद कुमार, सरला देवी और आशावर्कर पूनम ने डोर टू डोर जाकर पानी की टंकी, गमले, कूलर, टायर, फ्रिज, टैंक आदि को चैक किया और लोगों को अपने आसपास क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए प्रेरित किया। आनंद कुमार ने बताया कि मलेरिया के मुख्य लक्षण तेज बुखार, सर्दी लगना, सिर दर्द व उल्टियां है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास क्षेत्र में पानी एकत्रित न होने दे, पानी की टंकी को ढककर रखे। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला और बच्चों को मच्छरदानी लगानी चाहिए या मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करना चाहिए। घर में दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानी चाहिए और पूरी बाजू के कपड़े पहनने चाहिए। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच और दवाई सभी स्वास्थ्य केंद्र पर मुफ्त दी जाती है।

### चुनाव जागरूकता के बैनरों व पेंटिंग में हरियाणा संस्कृति की झलक

**झज्जर।** स्वीप अभियान के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने वाली पेंटिंग के बैनर व पोस्टर चस्पा किए गए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को वोटिंग के लिए जागृत करने वाले बैनरों को लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं को वोटिंग को लेकर जागरूक करने के लिए स्लोगन व पेंटिग जारी कर रखे हैं। उन्होंने बताया कि बैनरों पर बड़े रचनात्मक नारे लिखे हुए हैं, जैसे वोट डालकर आएंगे, अपना फर्ज निभाएंगे आदि। उन्होंने बताया कि हरियाणवी कल्चर की झलक इन जागरूकता सामग्री में मिलती है।

---

बहादुरगढ़ की ढेया बस्ती में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# शिविर में 120 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

■ बीमारियों से बचने के तरीके समझाया व योगाभ्यास कराया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़**

आयुष्मान भारत दिवस के उपलक्ष्य में वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की ओर से बहादुरगढ़ की ढेया बस्ती में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन सैल के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में सरकारी अस्पताल के आयुष विभाग से डॉ. बबीता, आयुर्वेद फार्मासिस्ट शमशेर, योग प्रशिक्षिका प्रीति, सुनील आदि की टीम ने सेवाएं दी। लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया, साथ ही उन्हें बीमारियों से बचने के तरीके समझा और योगाभ्यास कराया गया। दवाइयां भी दी गई। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता, महाविद्यालय के उप-प्रधान प्रेमचंद बंसल आदि ने यूथ रेडक्रॉस व रेड रिबन सैल की स्वयंसेविकाओं के समाज सेवा के प्रति समर्पित जज्बे की सराहना की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने पौधे भेंटकर आयुष विभाग की टीम का स्वागत किया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हैं, उसी प्रकार हमें दूसरों के स्वस्थ जीवन की भी कामना करनी चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने बताया कि गरीबी रेखा के नीचे आने वाली इस बस्ती में कितनी महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग बीमार हैं लेकिन संसाधनों के अभाव तथा अज्ञानता के कारण वे इलाज नहीं करवा पाते।

इसलिए हमारे जैसे जागरूक व समृद्ध समाज वर्ग का यह उत्तरदायित्व बन जाता है कि हम अपेक्षित वर्ग के बेहतर स्वास्थय के लिए कार्यरत रहें। इसी ध्येय की प्राप्ति के लिए वाईआरसी व आरसी सैल अपनी सेवाओं के साथ स्वस्थ समाज के उत्थान में योगदान दे रहे हैं। कैंप में 120 लोगों के स्वास्थय की जांच की गई।



बहादुरगढ़। कैंप में जांच कराने पहुंचे लोग। फोटो :हरिभूमि

# सैनिकों, पूर्व सैनिकों की सुविधाएं एक ही छत के नीचे करने की मांग

■ पूर्व सैनिक संगठन की टीम ने सुझाए गए स्थल का निरीक्षण किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़**

क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने बहादुरगढ़ की सीएसडी कैंटीन, ईसीएचएस डिस्पेंसरी व पूर्व सैनिकों के लिए चल रहे सेवा केंद्रों को एक ही छत के नीचे स्थापित करने की मांग की है। पूर्व सैनिक संगठन बहादुरगढ़ के पदाधिकारियों ने प्रधान श्रीनिवास छिकारा की अगुआई में मंगलवार को सीएसडी कैंटीन के मैनेजर कर्नल सुरेंद्र सिंह से मिलकर कहा कि ये सभी सुविधाएं पुराने अदालत परिसर के पास एक ही छत के नीचे हो जाएं तो वाहन पार्किंग की समस्या का समाधान भी हो जाएगा। कर्नल सुरेंद्र सिंह से मुलाकात करने से पहले पूर्व सैनिक संगठन की टीम ने सुझाए गए स्थल का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने इस मांग को सिरे चढ़ाने के लिए प्रयासों की चर्चा की। प्रधान श्रीनिवास छिकारा ने बताया कि सैनिकों और पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए सरकार ने पुराने अदालत परिसर के पास सैनिक रेस्ट हाउस का नया भवन तो बना दिया है, यह भवन सैनिकों व पूर्वसैनिकों के लिए अब तक नहीं खोला गया है। छिकारा ने बताया कि कर्नल सुरेन्द्र ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता से मिलकर नए रेस्ट हाउस की सुविधा आरंभ करने की मांग की। कार्यकारी अभियंता ने आश्वासन दिया कि वह उच्च अधिकारियों से आवश्यक अनुमति लेकर यह भवन जिला सैनिक बोर्ड को सौंपने की कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे। कर्नल सुरेंद्र से मिलने वाली पूर्व सैनिकों की टीम में उप प्रधान सुरेंद्र सिंह सांखोल, संगऑन के संस्थापक सूबेदार मेजर धर्मबीर कादयान, सूबेदार विजयपाल, सूबेदार अजीत, पवन कोच, सूबेदार राणा और नायक रामबीर राठी भी शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

### बेहतर परिणाम पर खुशी जताई

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित एचआरएसएस जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। इस स्कूल के 12 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा दी थी, इनमें से आठ बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान पाया। जबकि अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। बेहतर रिजल्ट आने पर स्कूल डायरेक्टर धर्म सिंह हुड्डा व तमाम स्टाफ सदस्यों ने खुशी जताई है।

### पैराडाईज स्कूल में धीरज रहा अव्वल

**झज्जर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में पहाड़ीपुर के पैराडाइज विद्यालय में बीस विद्यार्थियों में से सत्रह विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान बनाया। छात्र धीरज ने 95 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 92 प्रतिशत अंकों के साथ ध्रुव दूसरे व रवि तीसरे स्थान पर रहा। इनके अलावा विनय, दीपांशु, रिंकू, प्राची, भारती, महक, रजत, निशा, हिमांशु, इशांत, मुकुल, साहिल व खुशबू ने भी 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।

### मतदाताओं को भेजा स्नेह निमंत्रण पत्र

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि किसी उत्सव के निमंत्रण की तरह ही जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए निमंत्रण पत्र भेजा है और 25 मई को मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए अपने पोलिंग बूथ पर आने का आह्वान किया है।

# 12वीं का रिजल्ट देख छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले



### ग्रामीण स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**झज्जर।** ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा में बारहवीं कक्षा परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 28 विद्यार्थियों में 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। छात्रा वादी ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में भावना 95 प्रतिशत अंकों के साथ पहले, दीपांशी 93 प्रतिशत अंकों के दूसरे तथा प्रीति 92 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्या इंदिरा देवी, वंदना व सतेंद्र कुमार ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### संस्कार स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**झज्जर।** संस्कार स्कूल छारा में बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कला संकाय में छात्रा स्नेहा ने 92.4 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पायल ने 88.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा पूजा 85.6 अंकों के साथ तृतीय रही। स्कूल निदेशक राजीव दलाल ने बताया कि इसके अलावा हिमांशु, आदित्य, रिया, प्रियंका व दिशा ने मैरिट सूची में नाम दर्ज कराया। विज्ञान संकाय में हिमांशी, राहुल व प्रियंका ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि प्रियंका व नेहा ने भी मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया।



### ज्ञान ज्योति स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**झज्जर।** ज्ञान ज्योति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कासनी की प्राचार्या शुभम देवी ने बताया कि बारहवीं कक्षा के परिणामों में उनके स्कूल की हिमांशी ने 457 अंक लेकर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा राहुल 427 अंकों के साथ द्वितीय व खुशी 426 अंकों के साथ स्कूल में तृतीय रही। संस्था के चेयरमैन मंजीत फौगाट ने बताया कि उनके विद्यालय के 34 विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान बनाया।

## एसकेजी स्कूल के 77 विद्यार्थियों ने मैरिट में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

एसकेजी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाकली में बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में छात्रा पायल ने 487 अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। छात्र निपुण 484 अंकों के साथ दूसरे तथा छात्रा महक 482 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। एसकेजी शिक्षा समिति के प्रधान राय सिंह ने बताया कि उनके स्कूल के 128 विद्यार्थियों में से 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 77 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक श्याम सिंह व प्राचार्य पवन कुमार ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। विजय चिन्ह बनाते हुए एसकेजी के उत्तीर्ण विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### एमआरएम स्कूल के 39 विद्यार्थियों ने लिए 80 फीसदी से अधिक अंक

**झज्जर।** एमआरएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल शेखूपुर जट्ट में बारहवीं कक्षा के 65 विद्यार्थियों में से दस विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल संचालक दिनेश जून ने बताया कि इसके अलावा 39 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। छात्रा वाणी ने 474 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, काजल 466 अंकों के साथ द्वितीय तथा हर्षिता ने 460 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम को लेकर स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## दा हाइट्स में 35 विद्यार्थियों ने बनाया मैरिट में स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

दा हाइट्स अकेडमी में बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में 80 विद्यार्थियों में से 35 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान बनाया। आठ बच्चों ने 89 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अकेडमी के डायरेक्टर नवींद्र कुमार ने बताया कि उनके संस्थान की हिमांशी 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम रही जबकि आरती व पूजा ने 92 प्रतिशत, तमन्ना ने 91 प्रतिशत, सिमरन व निकिता ने 90 प्रतिशत, मानसी व कोमल ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस दौरान उन्होंने स्टॉफ सदस्यों को मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों की सफलता की खुशी बांटी।



झज्जर। झज्जर। मिठाई खिलाकर बेहतरीन रिजल्ट आने की खुशी मनाते हुए डायरेक्टर नवींद्र कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

## रोहद में सड़क हादसे में घायल हुए शख्स ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

नेशनल हाइवे पर गांव रोहद में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मंगलवार को पीजीआई रोहतक में शव का पोस्टमार्टम कराया। परिचितों के बयान पर इस संबंध में तेज रफ्तारी इनोवा गाड़ी के चालक पर आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है। दरअसल, सोमवार की शाम को बहादुरगढ़ की तरफ से एक इनोवा गाड़ी रोहतक की ओर जा रही थी। बताते हैं कि गाड़ी की गति बेहद अधिक थी और जब रोहद में मांडोठी मोड़ के सामने पहुंची तो आगे चल रहे एक छोटा हाथी गाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि छोटा हाथी गाड़ी की बॉडी उखड़कर कर दूर जा गिरी। दुर्घटनावश वहां से गुजर रहा एक स्कूटी सवार व्यक्ति उस बॉडी की चपेट में आ गया। इधर, इनोवा भी डिवाइडर पर जाकर पलट गई। राहगीरों ने तीनों वाहनों के चालकों को संभाला। स्कूटी सवार की हालत गंभीर थी। उसे पीजीआई रोहतक ले जाया गया। जहां देर शाम को ईलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची और परिजनों के बयान लिए। बयान के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मृतक की पहचान करीब 43 वर्षीय पवन के रूप में हुई है। छुछकवास गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम को वह स्कूटी लेकर बहादुरगढ़ से रोहतक की ओर जा रहा था। इसी दौरान रोहद में हादसे का शिकार हो गया। मृतक पवन के दोस्त धीरज ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी है कि इनोवा गाड़ी बेहद गति में थी। उस चालक की लापरवाही के कारण हुए हादसे में उसके दोस्त पवन की जान चली गई। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस शिकायत पर आसौदा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**बहादुरगढ़।** चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय बादली में भूगोल विभाग के कनिष्ठ लैब सहायक सीलक राम 32 साल छह महीने की सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आनंद काद्यान ने की। मंच संचालन डॉक्टर संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर सीलक राम के पारिवारिक सदस्य व मित्रगण मीर सिंह, रोहित, मोहित भी उपस्थित रहे। डॉक्टर मंजू रानी, निशा, रेणु व रमेश ने इस अवसर पर अपने भावोद्गार प्रकट किए। महाविद्यालय में उनके द्वारा किए गए गैर शैक्षणिक कार्यों की सराहना की गई।

## खेड़ी स्कूल की योगिता ने पाए 96.8 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

गांव जसोर खेड़ी में स्थित एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के 33 बच्चों में से 20 बच्चों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया, वहीं शेष बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए। योगिता ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, नैना ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और साक्षी ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही प्रियांशु-सृष्टि ने 88.4 प्रतिशत, रूबी ने 88.2 प्रतिशत, अक्षय ने 86.4 प्रतिशत, प्रिंस ने 86.2 प्रतिशत, अनीता ने 84.8 प्रतिशत, प्रीतम ने 86.6 प्रतिशत, दीपिका ने 84, कुणाल ने 83.6, दीक्षा ने 82.8 और दीप्ति ने 82.2 प्रतिशत अंक पाए। योगिता ने ज्योग्राफी में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करके रिकॉर्ड कायम किया।

इस मेधावी छात्रा ने मैट्रिक परीक्षा में भी 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे। शानदार रिजल्ट पर स्कूल निदेशका कविता देशवाल व प्रिंसिपल राजबाला देशवाल ने सभी बच्चों, अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा वार्षिक उत्सव पर मेरिट प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने की घोषणा की। साथ ही अन्य सभी बच्चों को भी मेधावी विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### ट्रायल प्रक्रिया चार मई से

**बहादुरगढ़।** हरियाणा क्रिकेट संघ के अर्ग्गत होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। पटौदी, अंडर-19, अंडर-23 आदि प्रतियोगिता के लिए यहां झज्जर जिले ने भी कमर कस ली है। जिला झज्जर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष देवेन राठी ने बताया कि पटौदी ट्रॉफी और अंडर-23 के लिए चार मई को बहादुरगढ़ के सेक्टर-9ए में नजफगढ़ रोड पर स्थित ग्राउंड में ट्रायल होगी। वहीं दस मई को अंडर-19 की चयन प्रक्रिया भी इसी मैदान पर होगी। जबकि अंडर-16 की ट्रायल झज्जर में स्थित एनएससीए मैदान में होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## अवैध शराब सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अवैध शराब सहित तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। सीआईए बेरी की एक टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव चमनपुरा के नजदीक नाकाबंदी की गई। इस दौरान संदेह के आधार पर एक गाड़ी को रूकवाते हुए चैक किया गया। जिसमें अवैध शराब अंग्रेजी शराब की 24 बोतल, देसी शराब की 49 बोतल व तीन पव्वे व 24 बोतल बीयर बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान घनश्याम निवासी मांगावास जिला झज्जर के तौर पर की गई। वहीं पुलिस चौकी छुछकवास की टीम ने अवैध शराब बेचते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी से अवैध देशी शराब की 12 बोतल बरामद की गई। आरोपी की पहचान टिंकू निवासी छुछकवास जिला झज्जर के तौर पर की गई है। इसके अलावा थाना सदर टीम ने भदानी-छुड़ानी मार्ग पर एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब की 11 बोतलों सहित पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रवेश निवासी भदानी जिला झज्जर के तौर पर की गई।

## ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने वर्मा

- भाजपा सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर राष्ट्र उत्थान में लगी हुई है : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

झज्जर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष व पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए श्याम सुंदर वर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। मंगलवार शाम को गोरैया टूरिस्ट केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने पूर्व विधायक व रोहतक लोकसभा संयोजक नरेश कौशिक, जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, वरिष्ठ नेता दिनेश शेखावत, ललित बराही, विनोद समेत पार्टी से जुड़े कई कार्यकर्ता की मौजूदगी में यह नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर श्याम सुंदर वर्मा ने कहा कि उन्हें पार्टी संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उसे पूरी कर्तव्य निष्ठा से निभाते हुए पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर राष्ट्र उत्थान में लगी हुई है।



बहादुरगढ़। श्याम सुंदर वर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपते पूर्व विधायक नरेश, जिलाध्यक्षराजपाल व मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**खरीद एजेंसियों को जल्द से जल्द उठान कार्य पूरा करने के निर्देश दिए**

# जिले की मंडियों में 83 प्रतिशत सरसों और 48 प्रतिशत गेहूं का हुआ उठान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

जिले भर की मंडियों और खरीद केंद्रों पर गेहूं और सरसों की उपज के उठान के साथ ही खरीद कार्य जारी है। मंडियों और खरीद केंद्रों से एक लाख 43 हजार 62 मीट्रिक टन गेहूं और 52 हजार 361.82 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है,जबकि 70 हजार 951 मीट्रिक टन गेहूं और 43 हजार 235.28 मीट्रिक टन सरसों उपज का उठान हो चुका है।

डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 15 हजार 44, बादली अनाज मंडी में 4967, ढाकला अनाज मंडी में 2441, बेरी अनाज मंडी 20 हजार 686, मातनहेल अनाज मंडी से 5779, माजरा डी खरीद केंद्र पर 7515, छारा खरीद केंद्र पर 5763, बहादुरगढ़ अनाज मंडी पर 889 तथा आसौदा खरीद केंद्र पर 7868 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। वहीं बहादुरगढ़ अनाज मंडी में 878.23, बेरी अनाज मंडी में 2258.60, मातनहेल अनाज मंडी में 10 हजार 27.87, झज्जर अनाज मंडी में 8 हजार 220 तथा ढाकला अनाज मंडी में 5773.05 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है। उन्होंने खरीद एजेंसियों को जल्द से जल्द उठान कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



झज्जर। अनाज मंडी में उठान कार्य में जुटे श्रमिक।

### मंडी में फसल के उठान पर जोर

**बहादुरगढ़।** इन दिनों अनाज मंडियों में फसल के उठान पर जोर है। बहादुरगढ़ की मंडियों में भी मंगलवार को ऐसा देखने को मिला। फसल आवक यहां बेशक बेहद कम हो गई हो लेकिन उठान तेजी से किया जा रहा है। सरसों की फसल के लिए बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में मंगलवार को दस गेट पास जारी हुए और कुल 117.57 क्विंटल फसल आई। कुल 81.45 क्विंटल सरकारी खरीद हुई, जबकि 810 क्विंटल उठान हुआ। अभी तक यहां की मंडी में 17572 क्विंटल खरीद हो चुकी है और उठान 15403 क्विंटल यानी 98.59 फीसद हो चुका है। बात गेहूं की करें तो इस फसल का बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में एक भी गेट पास जारी नहीं हुआ। जबकि आसौदा की मंडी में कुल 25 गेट पास कटे और किसान 1467.50 क्विंटल फल लेकर पहुंचे। अभी तक दोनों मंडियों में 97029.5 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। कुल 92189 क्विंटल यानी 96.39 फीसद उठान हो चुका है।